भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 379
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 27 मार्च, 2023
06 चैत्र, 1945 (शक)

केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारक

*379. **श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**
डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान सहित देश में केन्द्र द्वारा संरक्षित विरासत स्थलों, मंदिरों और स्मारकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान राजस्थान सहित विश्व विरासत स्थलों की सूची में विरासत स्थलों को शामिल करने संबंधी योजना का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान संस्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी है और उनसे कितना राजस्व प्राप्त हुआ है; और

(ङ) उक्त पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण, रखरखाव और विकास के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 27.03.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 379 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) : देश में 3696 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं, जिनमें राजस्थान राज्य के 163 स्मारक/स्थल शामिल हैं। इनका ब्यौरा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वेबसाइट https://asi.nic.in पर दिया गया है।

(ख) : विश्व विरासत सूची में विरासत स्थलों को शामिल करने के लिए कोई विशिष्ट योजना नहीं है। प्रत्येक संपत्ति का चयन स्थल के बारे में उपलब्ध डोजियर की गुणवत्ता के अतिरिक्त उसके उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य, प्रामाणिकता और अखंडता के आधार पर किया जाता है, जो यूनेस्को के परिचालनात्मक दिशानिर्देश 2021 के अनुसार होता है। विश्व विरासत में शामिल होने से पहले स्थल को एक वर्ष के लिए अस्थायी सूची में रखा जाना होता है। वर्तमान में, भारत में 52 स्थल अस्थायी सूची में हैं जिनमें राजस्थान से 02 शामिल हैं। ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ग) : गत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान 3696 केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों के संरक्षण, परिरक्षण एवं रख-रखाव पर आवंटित एवं व्यय की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

वर्ष	**आवंटन**	**व्यय**
2019-20	435.61	435.39
2020-21	260.90	260.83
2021-22	270.00	269.57
2022-23	369.79	340.92 (01.03.2023 तक)

(घ) : पिछले तीन वर्षों के दौरान टिकट वाले संरक्षित स्मारकों पर आने वाले व्यस्क पर्यटकों की संख्या और प्रवेश टिकटों की बिक्री से प्राप्त राजस्व, नीचे दिया गया है:

(आंकड़े करोड़ में)

वर्ष	**पर्यटक**	**राजस्व**
2019-20	4.83	336.2
2020-21	1.32	48.30
2021-22	2.61	101.50

(ङ) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार संरक्षित स्मारकों/ स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और रखरखाव किया जाता है, जो एक सतत् प्रक्रिया है। इसके अलावा, संरक्षित स्मारकों पर शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं तथा मार्ग, रैंप, संकेतक, कूड़ादान, व्हील चेयर, ध्वनि और प्रकाश प्रदर्शन, प्रकाशन बिक्री काउंटर आदि जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 27.03.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 379 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

देश में संभावित विश्व धरोहर स्थलों का ब्यौरा

क्र.सं.	स्थल	राज्य	वर्ष
1.	प्राचीन बौद्ध स्थल, सारनाथ , वाराणसी	उत्तर प्रदेश	1998
2.	मांडू में स्मारकों का समूह	मध्य प्रदेश	1998
3.	मट्टानचेरी पैलेस, एर्नाकुलम	केरल	1998
4.	बिष्णुपुर में मंदिर	पश्चिम बंगाल	1998
5.	असम में ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य में माजुली का नदी द्वीप	असम	2004
6.	श्री हरिमंदिर साहिब, अमृतसर	पंजाब	2004
7.	नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान	अरुणाचल प्रदेश	2006
8.	जंगली गधा अभयारण्य, कच्छ की छोटी खाड़ी	गुजरात	2006
9.	मरूस्थल राष्ट्रीय उद्यान	राजस्थान	2009
10.	नेओरा घाटी राष्ट्रीय उद्यान	पश्चिम बंगाल	2009
11	कश्मीर में मुगल गार्डन	जम्मू और कश्मीर	2010
12.	शांति निकेतन	पश्चिम बंगाल	2010
13.	भारत में सिल्क रोड स्थल	बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, केंद्र शासित प्रदेश पांडिचेरी, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर	2010
14.	हैदराबाद कुतुब शाही स्मारक, गोलकोंडा किला के कुतुब शाही मकबरा, चारमीनार	तेलंगाना	2010
15.	दिल्ली - एक विरासत शहर	दिल्ली	2012
16.	अपातानी सांस्कृतिक परिदृश्य	अरुणाचल प्रदेश	2014
17.	हड़प्पा पत्तन शहर, लोथल के पुरातात्विक अवशेष	गुजरात	2014
18.	बहाई पूजा घर	नई दिल्ली	2014
19.	सेलुलर जेल, अंडमान द्वीप समूह	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	2014
20.	चेट्टीनाड, तमिल व्यापारियों का ग्राम समूह	तमिलनाडु	2014
21.	चिल्का झील	ओडिशा	2014
22.	एकामरा क्षेत्र –मंदिरों का शहर, भुवनेश्वर	ओडिशा	2014
23.	भारत का प्रतिष्ठित साड़ी बुनाई समूह	मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, असम	2014
24.	मोइदम्स – एक पहाड़ी- अहोम राजवंश की दफन प्रणाली	असम	2014
25.	दक्कन सल्तनत के स्मारक और किले	कर्नाटक और तेलंगाना	2014
26.	श्रीरंगपटनम द्वीप शहर के स्मारक	कर्नाटक	2014

27.	भारत की पर्वतीय रेलवे (विस्तार)	महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश	2014
28.	नारकोंडम द्वीप	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	2014
29.	पद्मनाभपुरम महल	केरल	2014
30.	होयसला का पवित्र पहनावा	कर्नाटक	2014
31.	सत्याग्रह के स्थल, भारत का अहिंसक स्वतंत्रता आंदोलन	गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, बिहार, मध्य प्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली	2014
32.	श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगम	तमिलनाडु	2014
33.	बुर्जहोम की नवपाषाण बस्ती	जम्मू और कश्मीर	2014
34.	थेम्बंग पक्का गांव	अरुणाचल प्रदेश	2014
35.	भारत के ठंडे रेगिस्तान का सांस्कृतिक परिदृश्य	जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश	2015
36.	मंदिर वास्तुकला का विकास - ऐहोल-बादामी-पट्टदकल	कर्नाटक	2015
37.	उत्तरापथ के साथ स्थल, बादशाही सड़क, सड़क -ए-आजम, ग्रांट ट्रंक रोड	पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड , दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल	2015
38.	केइबुल लामजाओ संरक्षण क्षेत्र	मणिपुर	2016
39.	गारो हिल्स संरक्षण क्षेत्र (जीएचसीए)	मेघालय	2018
40.	ओरछा का ऐतिहासिक पहनावा	मध्य प्रदेश	2019
41.	हायर बेंकल, महापाषाण स्थल	कर्नाटक	2021
42.	कांचीपुरम के मंदिर	तमिलनाडु	2021
43.	महाराष्ट्र में मराठा सैन्य वास्तुकला का क्रमिक नामांकन	महाराष्ट्र	2021
44.	सतपुड़ा टाइगर रिजर्व	मध्य प्रदेश	2021
45.	ऐतिहासिक शहर वाराणसी का प्रतिष्ठित पश्चजल	उत्तर प्रदेश	2021
46.	नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट	मध्य प्रदेश	2021
47.	भारत के कोंकण क्षेत्र की ज्योग्लिफ्स	गोवा, महाराष्ट्र	2022
48.	जिन्किएंगजरी : विद्यमान जल सेतु पुल परिदृश्य	मेघालय	2022
49.	श्री वीरभद्र मंदिर और अखंड बैल (नंदी), लेपाक्षी (विजयनगर मूर्तिकला और चित्रकारी कला परंपरा)	आंध्र प्रदेश	2022
50.	सूर्य मंदिर, मोढेरा और इसके आसपास के स्मारक	गुजरात	2022
51.	उनाकोटी, उनाकोटी रेंज, उनाकोटी जिले की शैलकृत मूर्तियां और रिलीफ्स	त्रिपुरा	2022
52.	वडनगर - एक बहुस्तरीय ऐतिहासिक शहर, गुजरात	गुजरात	2022

*****